Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 10 दिसंबर, 2022

‘पर्सन ऑफ द ईयर 2022’

यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की अर्थात् **'स्पिरिट ऑफ यूक्रेन'** को वर्ष 2022 के लिये टाइम मैगज़ीन द्वारा ‘पर्सन ऑफ द ईयर’ घोषित किया गया है तथा टाइम मैगज़ीन ने हाल ही के अंक में ज़ेलेंस्की को कवर पेज पर जगह दी। रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच जेलेंस्की पिछले 10 महीनों से मज़बूती के साथ अपने देश और देशवासियों के साथ खड़े रहे हैं। ज़ेलेंस्की के कीव में रहने और रूसी सेना के खिलाफ लड़ने के फैसले ने उन्हें प्रसिद्ध कर दिया। उन्होंने बार-बार भाषण देकर और फ्रंटलाइन पर दिखाई देकर यूक्रेनी सेना के मनोबल को बढ़ाने में एक प्रमुख भूमिका निभाई है। पर्सन ऑफ द ईयर टाइम मैगज़ीन का एक वार्षिक प्रकाशन है जिसमें एक व्यक्ति, एक समूह, एक विचार या एक वस्तु को दर्शाया गया है जिसने वर्ष की घटनाओं को महत्त्वपूर्ण रूप से प्रभावित किया था। इसे मैगज़ीन के संपादकों द्वारा चुना जाता है। **“पर्सन ऑफ द ईयर” चुनने की परंपरा वर्ष 1927** में शुरू हुई थी। पिछले उल्लेखनीय विजेताओं में जर्मन तानाशाह**एडोल्फ हिटलर (1938),** रूसी राष्ट्रपति **व्लादिमीर पुतिन (2007)** और अन्य शामिल हैं। 1930 के संस्करण में महात्मा गांधी को चित्रित किया गया था तथा वर्ष 2021 में **टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ ‘एलन मस्क**’ को पर्सन ऑफ द ईयर नामित किया गया था।

गुजरात चुनाव

गुजरात विधानसभा चुनाव 2022 के **नतीजे गुरुवार, दिनाक 08 दिसंबर को घोषित** किये गए। एक्ज़िट पोल्स के आकलन अनुसार भारतीय जनता पार्टी **(BJP) लगातार 7वीं बार विजयी हुई है।** गुजरात में इससे पूर्व कभी भी किसी भी पार्टी को**इतने लंबे समय तक शासन करने का अवसर नहीं मिला, भारतीय जनता पार्टी ने इस** चुनाव में कुल **182 में से 156** सीटों पर जीत दर्ज की, **वर्ष 1995 से लगातार ही सत्ता में रही भारतीय जनता पार्टी ने वर्ष 2002 में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था , दिल्ली और पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (AAP) को भी 5 सीटों पर जीत** प्राप्त हुई।

IIT दिल्ली द्वारा उद्योग दिवस का आयोजन

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान- IIT दिल्ली द्वारा **10 दिसंबर को उद्योग दिवस** मनाया गया। दिनभर चलने वाले इस आयोजन के **चौथे संस्करण** में IIT दिल्ली में **भावी तकनीकों** और **प्रौद्योगिकियों** का प्रदर्शन किया गया जिसे विकसित करने के लिये संस्थान निरंतर काम कर रहा है। इन तकनीकों के माध्यम से **उद्योग जगत तथा समाज दोनों लाभान्वित होंगे।** इस कार्यक्रम में **15 से अधिक बड़े कॉर्पोरेट और व्यावसायिक घरानो ने भाग लिया। IIT दिल्ली के निदेशक प्रोफेसर रंगन बैनर्जी ने बताया कि वे उद्योग जगत के साथ अपने संबंधों को और सुदृढ़ करने हेतु उत्सुक हैं** और उन्हें भविष्य के लिये तैयार स्नातकों के साथ साथ अपनी शोध के माध्यम से प्रतिस्पर्द्धी बढ़त दिलाने में भूमिका अदा करना चाहते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-10-december-2022